कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (o) - 06541- 298011 E-mail:- dfo-chatrasouth@gov.in

पत्रांक 1602 दिनांक 02/08/2022

सेवा में,

श्री मनोज कुमार,
मुख्य प्रबंधक,
चन्द्रगुप्त खुली खदान परियोजना,
आम्रपाली चन्द्रगुप्त क्षेत्र सी.सी.एल.
डकरा, राँची।

विषयः– चतरा जिला अन्तर्गत चन्द्रगुप्त खुली खदान कोल परियोजना निर्माण हेतु 699.38 हे0 (चतरा दक्षिणी– 400.96 हे0, हजारीबाग पश्चिमी– 298.42 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव पर की गई त्रुटियों का निराकरण किये जाने के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक GM(A-C)/PO-Chandragupt/2022-23/12 दिनांक 09.07.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयगत कोल परियोजना निर्माण हेतु ऑनलाईन एवं ऑफलाईन की एक हार्ड कॉपी प्रस्ताव इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। समर्पित प्रस्ताव की जाँच की गई। जाँचोपरान्त निम्नवत त्रुटियाँ पाई गई–

1. विषयगत प्रस्ताव में अपयोजित होनेवाले वन भूमि में सन्निहित गैर मजरूआ जंगल झाड़ी भूमि का सक्षम स्तर से निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं है।

2. विषयगत परियोजना में प्रभावित भूमियों में से जिनका खतियान नष्ट एवं उपलब्ध नहीं है के संबंध में सरकार के निदेशानुसार प्राप्त उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा प्रपत्र–2 में प्रमाण–पत्र संलग्न है जिसमें भूमि का किस्म खाली है, नियमतः उक्त प्लौटों का भूमि का किस्म वर्त्तमान के अनुसार अंकित करना अनिवार्य है, इसमें संशोधन की आवश्यकता है।

अतः उल्लेखित त्रुटियों का निराकरण हेतु ऑनलाईन एवं समर्पित ऑफलाईन की एक हार्ड प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए अनुरोध है कि संशोधित प्रस्ताव यथाशीघ्र इस कार्यालय में समर्पित किया जाय ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

02/8/2022

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

02/08/2022

Scanned with CamScanner